प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 28.06.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-अवैध तमंचा कारतूस के साथ 01 गिरफ्तार थाना पाकबड़ा-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री/तस्करी पर रोकथाम व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 28.06.2024 को उ0नि0 श्री फरमान त्यागी थाना पाकबड़ा द्वारा मय हमराही पुलिस बल अभियुक्त जुनैद पुत्र दिलावर निवासी चमन मस्जिद के पास कस्बा व थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद को 01 अवैध तमन्चा नाजायज 12 बोर व एक कारतूस जिन्दा 12 बोर बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना पाकबड़ा पर मु0अ0स0 235/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2-अवैध तमंचा, कारतूस के साथ 01 गिरफ्तार थाना कुन्दरकी-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री/तस्करी पर रोकथाम व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 28.06.2024 को उ0नि0 अनिल कुमार थाना कुन्दरकी द्वारा मय हमराही पुलिस बल अभियुक्त शमी पुत्र शौकत निवासी मोहल्ला सादात पश्चिमी कस्बा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद को 01 तमंचा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक् के विरुद्ध थाना कुन्दरकी पर मु0अ0सं-198/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम, पंजीकृत किया गया है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3-थाना भगतपुर ने शान्ति भंग करने में 04 अभियुक्त को किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 28.06.2024 को थाना भगतपुर पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने के आरोप में 04 अभियुक्त को अन्तर्गत धारा 151/107/116 Cr.P.C में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

अभियुक्तगण के नामः-

1-इस्माइल पुत्र शब्बीर

2-जाहिद पुत्र शब्बीर निवासीगण ग्राम वीरपुर थाना भगतपुर जिला मुरादाबाद

3-मेंहदी हसन पुत्र भूरा निवासी ग्राम बुढ़ानपुर अलीगंज थाना भगतपुर जिला मुरादाबाद

4-रियासत पुत्र अफसर अली निवासी ग्राम बहेडी थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद

4-परिवार परामर्श केन्द्र/नारी उत्थान केंद्र मुरादाबाद के अथक प्रयासों से पति-पत्नी के 06 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए सहमत।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पर्यवेक्षण में प्रभारी नारी उत्थान केन्द्र की अध्यक्षता तथा अनुभवी परामर्शदाता श्री एम0पी0 सिंह, श्रीमती नीलिमा सिंह, डॉ पूनम बंसल के माध्यम से परिवार परामर्श केन्द्र/नारी उत्थान केन्द्र, पुलिस लाईन मुरादाबाद में दिनांक 28.06.2024 को पति-पत्नी सम्बन्धित पारिवारिक विवादों की काउंसलिंग के दौरान 06 प्रार्थना पत्रों में पक्षों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया। सभी प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों की पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक-दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हसी-खुशी अपना जीवन यापन करेगें। परिवार परामर्श द्वारा सभी जोडों को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनायें देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नहीं करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें।